







## एक नजर में

### पुलिस और विद्युत अधिकारी ने सांठगांठ कर हमें फंसाया



**शुजालपुर, 6 फरवरी.** विद्युत उपकेंद्र 132 केवी शाखा शुजालपुर से स्क्रैप सामग्री की बिक्री के मामले में कबाड़ी, मजदूर और वाहन चालक को फंसाने का गंभीर आरोप सामने आया है. कबाड़ी जावेद खान निवासी शुजालपुर ने एसडीओपी को अपनी पत्नी के माध्यम से दिए आवेदन में आरोप लगाया कि विद्युत मंडल कर्मचारियों व पुलिस की मिलीभगत से उन पर झूठा चोरी का प्रकरण दर्ज कराया गया. यह आवेदन शुक्रवार की दोपहर को एसडीओपी निमेष देशमुख को दिया गया और सम्पूर्ण घटनाक्रम की जांच की मांग की गई. इस दौरान स्क्रैप चोरी के मामले में पुलिस थाना सिटी में दर्ज एफआईआर में आरोपी बनाए गए वाहन चालक कैलाश बागरी सहित 3 अन्य मजदूर व कबाड़ व्यवसायी की पत्नी ने एसडीओपी को घटनाक्रम के संबंध में आंशिक रूप से जानकारी दी. आवेदन के अनुसार 29 जनवरी को उपकेंद्र से स्क्रैप देखने के बाद 30 जनवरी को कर्मचारियों की मौजूदगी में सामग्री तौलकर वाहन में लोड की गई और 1 लाख 22 हजार 500 रुपए नकद भुगतान किया गया, जिसका सीसीटीवी रिकॉर्ड भी मौजूद बताया गया है. इसके बावजूद बाद में पुलिस व विद्युत कर्मचारियों ने दबाव बनाकर थाने ले जाकर छोड़ दिया. जांच के लिए दिए गए आवेदन में उल्लेख किया कि विद्युत केन्द्र से जिस स्क्रैप को लाया गया उसका तौल डीई कनोजिया, एई विजय ओझा, सुपरवाइजर, ऑपरेटर, गार्ड सहित सभी कर्मचारियों की मौजूदगी में हुआ. साथ ही खरीदे गए कबाड़ की राशि एई विजय ओझा को 1 लाख 22 हजार 500 रुपए अदा की, फिर भी हमे चोर बना दिया गया. आवेदन में कहा कि हमारा वाहन पकड़ने के बाद एई विजय ओझा ने 2 पुलिस कर्मी एवं एक अन्य के साथ अकोदिया नाके के समीप एक ट्रांसपोर्ट पर मीटिंग की, जिसमें डेढ़ लाख रुपए का लेनदेन होने के बाद हमे भरोसा दिया गया कि एक घंटे बाद गाड़ी छूट जाएगी. पुलिस ने भी गाड़ी जल्द ही छोड़ने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद हम पर मामला दर्ज हो गया. बता दे इस कबाड़ घोटाले के मामले में पावर ट्रांसमिशन कंपनी के एई ओझाा को निलंबित किया जा चुका है. साथ ही जांच के लिए टीम भी गठित हो रही है. इस संबंध में एसडीओपी निमेष देशमुख का कहना है कि दो तीन दिन पहले एमपीबी की तरफ से जो एफआईआर दर्ज हुई है, उसमें कुछ आरोपी आए थे और उनका कहना था कि उन्हें गलत फंसाया गया है. गाड़ी किराए पर लाई गई थी. इस संबंध में उन्होंने आवेदन दिया है, जिस पर जांच कराई जाएगी.

### फूलमाली समाज का विवाह सम्मेलन 27 मार्च को

**शुजालपुर, 6 फरवरी.** सकल पंच फूलमाली समाज पंचायत समिति एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति शुजालपुर नगर द्वारा समाज के युवक-युवतियों के लिए सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन 27 मार्च को शुजालपुर सिटी स्थित फूलमाली समाज धर्मशाला, रायकनपुरा हनुमान मंदिर के पीछे आयोजित होगा. विवाह सम्मेलन में पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है. सम्मेलन का आयोजन सकल पंच फूलमाली समाज समिति शुजालपुर नगर द्वारा किया जा रहा है.

### देश सेवा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता



**शुजालपुर, 6 फरवरी.** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय नंदराम सोनानिया की 13वीं पुण्यतिथि पर ग्राम अरनिया कला स्थित उनकी समाधि स्थल पर शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान एवं समाजसेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहे, अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने की. समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा स्व. नंदराम सोनानिया की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई. इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मंत्री परमार ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले सेनानियों का बलिदान देश की अमूल्य विरासत है. छोटे से गांव से निकलकर स्व. सोनानिया ने समाज और क्षेत्र के विकास के लिए जो योगदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है. उन्होंने कहा कि बाल्यकाल से ही उनका स्व. सोनानिया से संपर्क रहा है, जिससे उनके व्यक्तित्व और विचारों को निकट से समझने का अवसर मिला. अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने कहा कि स्व. नंदराम सोनानिया अपनी बेबाक अभिव्यक्ति, निष्ठा और कर्मठता के लिए जाने जाते थे. गांधी युग के ऐसे व्यक्तित्व आज भी समाज को सत्य, साहस और सेवा का मार्ग दिखाते हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को इतिहास और मूल्यों से जोड़ने का कार्य होता है. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ओमप्रकाश दुबे ने सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए. विशेष अतिथि के रूप में संत तिलक दास महाराज सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में भगवत सिंह वर्मा, अजय पटेल, मिश्रीलाल चौधरी, आलोक श्रीवास्तव, ग्रीष्म शाह, किशोर चौधरी, डॉ. जामलिया, रजनीश चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि कमल चंद्रवंशी सहित अन्य वक्ताओं ने भी स्व. सोनानिया को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर 17 प्रतिभावान स्कूली छात्र-छात्राओं सहित शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा और प्रशासनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वालों में मालवा क्षेत्र के कवि हजारीलाल हवलदार, मांगीलाल सोनानिया, नरेंद्र जैन, ओमप्रकाश दुबे, डॉ. श्यामसुंदर परमार तथा कालापीपल थाना में पदस्थ उप निरीक्षक रवि भंडारी प्रमुख रूप से शामिल रहे. कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से बालमुकुंद सोनानिया ने किया. संचालन कैलाश उपलावदिया तथा आभार रामचंद्र सोनानिया ने माना. समारोह के दौरान राष्ट्रीय गीत एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गई.

### फायर सेफ्टी प्रशिक्षण आयोजित

**शाजापुर, 6 फरवरी.** पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशानुसार पुलिस लाइन शाजापुर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में फायर सेफ्टी से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरजीटी फायर सर्विस कंपनी के विशेषज्ञ धर्मेंद्र गोस्वामी द्वारा उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को फायर इंस्टिंगुशर्स अग्निशमन यंत्रों की रिफिलिंग प्रक्रिया तथा आपातकालीन स्थिति में उनके सही एवं सुरक्षित संचालन की विधिवत जानकारी दी गई. इस दौरान फायर इंस्टिंगुशर्स के प्रकार, उपयोग की सावधानियां, आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया एवं प्रारंभिक स्तर पर आग पर नियंत्रण के व्यावहारिक तरीकों का भी प्रदर्शन किया गया. प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यालयीन परिसरों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी रूप से निपटने हेतु पुलिसकर्मियों को सक्षम बनाना रहा.

# 24 घंटे के भीतर हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

## लालघाटी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, सनसनीखेज हत्या का किया खुलासा

**शाजापुर, 6 फरवरी. लालघाटी पुलिस ने सनसनीखेज हत्या का खुलासा किया है. 24 घंटे के भीतर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया. जानकारी के अनुसार दो दिन पहले 4 फरवरी को फरियादी सोनू पिता लालजीराम मालवीय निवासी ग्राम बामनिया खेड़ी द्वारा थाना लालघाटी जिला शाजापुर पर सूचना दी गई कि उसका भाई राजेश मालवीय पिता लालजीराम मालवीय ग्राम राघवेल के पास लखुंदर नदी की पुलिया के नीचे मोटरसाइकिल सहित मृत अवस्था में पड़ा है. मृतक के शरीर पर चोटों के निशान थे तथा शरीर से रक्तस्त्राव हो रहा था.**



सूचना पर थाना लालघाटी पर मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया. मर्ग जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक राजेश मालवीय की हत्या अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई है. उक्त आधार पर 5 फरवरी को थाना लालघाटी पर अपराध बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह मुजाल्दे के नेतृत्व में हत्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई. पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर एफएसएल टीम एवं फिंगर प्रिंट टीम की सहायता ली गई, साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए एवं सायबर सेल से तकनीकी जानकारी प्राप्त की गई. विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर आरोपी रविन्द्र मालवीय पिता कालूराम मालवीय जाति बलाई निवासी ग्राम टुंगनी, राहुल मालवीय पिता गोपीलाल मालवीय निवासी ग्राम टुंगनीए को 6 फरवरी को गिरफ्तार किया गया.

### पूछताछ के दौरान यह जानकारी आई सामने...

पूछताछ के दौरान आरोपी रविन्द्र मालवीय ने बताया कि उसकी पत्नी आरती को मृतक राजेश मालवीय परेशान करता था तथा उसे गुजरात मजदूरी करने साथ ले गया था. इसी रंजिश के चलते 3 फरवरी की रात में राहुल मालवीय के मोबाइल से राजेश मालवीय को फोन कर ग्राम टुंगनी बुलाया गया. गांव के पास मानसिंह पटेल के गेहूं के खेत में अरोपियों द्वारा लाठी व चाकू से मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी गई. हत्या के पश्चात साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से मृतक को उसकी मोटरसाइकिल सहित बांधकर राघवेल के पास लखुंदर नदी की पुलिया के नीचे फेंक दिया गया.

### यह रहे कार्रवाई में शामिल...

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह मुजाल्दे, उप निरीक्षक अंकित इटावदिया, सहायक उप निरीक्षक भोपाल सिंह आर्य, प्रधान आरक्षक जसवंत जाटव, प्रमोद नागर, मुकेश पटेल, अरविंद तिलावदिया, आरक्षक रामप्रसाद बामनिया, निलेश नागवंशी, मिथुन फुलेरिया, अनिल वाघेला, संतोष बोरासी, सैनिक सत्तार खां तथा सायबर टीम के प्रधान आरक्षक विकास तिवारी, आरक्षक अनिल सक्सेना एवं घनश्याम राजपूत की सराहनीय भूमिका रही.

# बाबू-शोना के सात दिवसीय आराधना पर्व का आज से आगाज...

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

एक समय बाबू का नाम सुनते ही सरकारी कर्मचारी का चेहरा जहन में आ जाता था, लेकिन जैसे-जैसे समय बदला, तो नाम और ओहदे का भी अर्थ बदल गया. अब बाबू नाम प्रेमी का पर्याय बन चुका है, जिसके साथ शोना की जुगलबंदी प्रेमी जोड़ों को परिभाषित कर रही है. पहले प्रेम दिवस याने वेलंटाइन डे एक दिन मनाया जाता था, लेकिन धीरे-धीरे वेलेंटाइन डे सप्ताह में बदल गया है. जिस प्रकार विवाह के पूर्व माता पूजन, गणेश पूजन, हल्दी, मेहंदी, तेल, महिला संगीत, वरनिकासी सहित अन्य कार्यक्रम किए जाते हैं, उसी तर्ज पर अब वेलेंटाइन डे भी अब अलग-अलग दिनों में मनाया जाता है. रोज डे से इस पर्व की शुरुआत होती है, इस पर्व में प्रपोज डे, हग डे, चॉकलेट डे, टेडी डे, किस डे, प्रॉमिस डे और अंत में वेलेंटाइन डे मनाया जाने लगा है. भारत में यदि यह हग डे वेलेंटाइन की तरह पापुलर हो गया, तो आस पड़ोस में तबाही मच जाएगी. रेलवे ट्रैक और महक उठेंगे. डियर बाबू-शोनाओं, मजनुओं और विद्वान आजाद साथियों को लवर वीक की हार्दिक बधाईयां. वैलेंटाईन डे की शुरुआत कब और क्यों हुई, यह तो नहीं पता, लेकिन इसके लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं है. देश में तमाम हलचलों और घटनाओं के बीच भी संपूर्ण देश के गहन विद्वान एक राष्ट्रीय महत्व के गंभीर प्रश्न इलू-इलू क्या है, पर रिसर्च कर रहे थे. तब विरोधाभासों और हिंसा के मध्य प्रेमपूरित समाज में नए साधू अवतरित हुए. जिन्हें वेलेंटाइन बाबा के नाम से पहचान मिली. इन्होंने संपूर्ण देश को प्यार-व्यापार-उपहार के नए समीकरण सिखलाए और इसके लिए एक सप्ताह निर्धारित किया. कालांतर में इसे ही वेलेंटाईन डे और बाद में वेलेंटाईन वीक के नाम से मनाया जाने लगा. जो मित्र अभी भी गर्लफ्रेंड नामक प्राणी की कमी में गमगीन रहते हैं, उनके लिए मैं एक जंतर देता हूं... जब भी तुम्हें लगे कि सिर्फ तुम बिना गर्लफ्रेंड के हो, दुखी हो और तुम्हारा जीवन बेकार है या जीवन के सारे सुख, आनंद और उन्माद सिर्फ गर्लफ्रेंड से होते हैं, तो आप मोबाईल ऑन करो और फिल्म प्यार का पंचनामा देखिए. धीर-धीरे आप देखेंगे कि आपके दु:ख कम हो रहे हैं और आप में नवीन ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हो रहा है. वैसे सड़कछाप आशिकों के ज्वर निवारण के लिए रांझणा अत्यंत उपयुक्त है. मलमल बाबा के अनुसार हरी चटनी न भी खाओ, तो चलेगा पर बाएं जेब में इस फिल्म को पेनड्राइव में रखने से ऐसे सारे कष्ट दूर हो जाते हैं. कुछ प्राणी जो कभी गर्लफ्रेंडवान थे और बाद में सिंगलता को प्राप्त हुए, उनका दु:ख अधिक होता है. उनके कथनानुसार, जाके पैर न फटी बिवाई, सो का जाने पीर पराई... सत्य है. जिस प्रकार त्यौहारों का सप्ताह मनाया जाता है, उससे ही प्रभावित होकर एक दिन मनाया जाने वाला वेलेंटाईन डे अब पूरे सप्ताह मनाया जाने लगा है. जिस प्रकार धार्मिक त्यौहारों में भगवान की आराधना चलती है, अब उसी प्रकार वेलेंटाईन वीक में बाबू सात दिन तक अपनी शोनाओं की आराधना करते हैं. जिस रोज को रोज नहीं पूजा जाता, वही रोज अपने दिन को लेकर शुक्रगुजार है वेलेंटाईन बाबा का. रोज के बाद लड़की तक अप्रोच के लिए मजनू उसे प्रपोज करते हैं. प्रपोज हो गया, तो फिर कुछ मीठा हो जाए, ऐसे में जो चॉकलेट सालों से नहीं बिकी, वो चॉकलेट डे पर अपनी शॉर्टेज की कहानी बयां करती है. टेडी, प्रॉमिस, हग और किस डे के बाद यदि दल और सेना से बच गए, तो फिर वेलेंटाइन बाबा का अशीर्वाद मिल जाता है और बाबू-शोना इस आधुनिक त्यौहार के हवन कुंड में पूर्णाहुति दे देते हैं.

**खादी में भी हैं वेलेंटाईन बाबा के पुजारी**

खादी ओढ़कर समाजसेवा करने वाले किरदारों में भी वेलेंटाईन बाबा के पुजारियों की सूची कम नहीं है. कुछ खादीधारी वेलेंटाईन बाबा को आराध्य देव मानकर एक हफ्ता नहीं, पूरे साल ही वेलेंटाईन बाबा को पूजते हैं. कई खादीधारियों पर तो वेलेंटाईन बाबा इतने हावी हो गए हैं कि उन्हें सपने भी टेडी, चॉकलेट, रोज के ही आते हैं.

**14 तारीख का महत्व...**

हमारे कैलेंडर में 14 तारीख का बहुत महत्व है. हर महीने की 14 तारीख को कुछ न कुछ लगा ही रहता है. छोटे थे तो 14 जनवरी को घर पर जल्दी उठा दिया जाता था. उठो आज मकर संक्राति है. सूर्य को जल दो. खिचड़ी और तिल को हाथ लगा कर दान दे आओ. जरा उम्र खिसकी तो 14 नवंबर का अर्थ हो गया चाचा नेहरु जिंदाबाद. स्कूल से कॉलेज आए, तो 14 सितंबर हो गया हिंदी दिवस मनाओ. हिंदी दिवस को पूरी अंग्रेजियत से सरकारी खर्चे पर मनाओ. जवां हुए तो 14 फरवरी के आजाद वेलेंटाइन डे की खासियत समझ आने लगी. पूरा साल इजहारे इश्क न कर पाए, तो इस दिन बेबाक होकर कह सकते हैं. आई लव यू या शॉर्ट में गा सकते हैं ईलू ईलू और किसी साल 14 फरवरी को महाशिवरात्रि पड़ जाए, तो सब गुड़ गोबर हो जाता है.

**अंत में...**

वेलेंटाइन वीक याने 7 से 14 फरवरी तक जो बाबू-शोना प्रेम का आराधना पर्व नहीं मना सकेंगे, वे 15 तारीख को महाशिवरात्रि पर्व पर भोलेनाथ की आराधना कर सकते हैं.

# सप्तशक्ति संगम : नारी को समाज की आधारशिला बताया

## सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाजापुर, 6 फरवरी. सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई दुपाड़ा मार्ग शाजापुर पर विद्या भारती की योजनानुसार शाजापुर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीकेएसएन कॉलेज की प्रो. डॉ. मीनू गिडवानी, भारती शर्मा थी. अध्यक्षता डॉ. सीता बोराडिया ने की. कार्यक्रम की संयोजिका रचना बहल मंचासीन रहीं.**



कार्यक्रम में 200 माताओं कि सहभागिता रही. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ. कार्यक्रम की भूमिका एवं परिचय विद्यालय वरिष्ठ दीदी मनीषा सोलंकी द्वारा किया गया. प्रस्तावना में कार्यक्रम संयोजिका रचना बहल द्वारा नारी के विभिन्न रूपों लक्ष्मी सरस्वती काली अन्नपूर्णा के संदर्भ में नारी को समाज की आधारशिला बताया. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. गिडवानी ने विषय पर अपने वक्तव्य में गीता में वर्णित नारी के सप्तगुण कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा गुण की व्याख्या करते हुए कहा कि नारी समाज की आधारशिला है. प्राचीनकाल में नारी ने गुरु के पद को भी शुशोभित किया है. वर्तमान में इन सात गुणों को जीवन में उतारकर नारी द्वारा समाज कि दशा एवं दिशा दोनों बदलकर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण नारी द्वारा संभव है. पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में नव चेतना का संचार संभव है. मातृभाषा से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है.

### भारत की महान नारियों का उल्लेख किया

भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार रखते हुए भारत की महान नारियों के प्रेरणादायी कार्यों का उल्लेख किया एवं देवी अहिल्याबाई की न्याय प्रियता, रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य एवं सावित्री बाई फुले के शिक्षा संघर्ष को सभी के समक्ष रखा. दीदी द्वारा माताओं को सोशल मीडिया के सुरक्षा के बारे में भी बताया गया. कुटुंब प्रबंधन में भारती शर्मा दीदी द्वारा परिवार को धुरी बताते हुए कहा कि समाज सशक्त बनाने की बात कही. कार्यक्रम में शाजापुर शहर की सामान्य जानकारी एवं अन्य विषयों पर रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें सही जवाब देने वाली माताओं को मंच से पुरस्कार दिया गया. संचालन मनीषा सोलंकी, सामूहिक गीत लीना भट्ट, पूजा पाटीदार एवं किरण गोस्वामी ने प्रस्तुत किया. आभार शिशु वाटिका प्रमुख संगीता पाटीदार ने माना.



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भूमिपूजन

**शुजालपुर, 6 फरवरी. प्रदेश के उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने आज जिला आयुष कार्यालय के अंतर्गत 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुजालपुर मंडी का भूमि पूजन किया.**

मंत्री ने कहा कि भारत की सबसे प्राचीन पद्धति आयुर्वेद पद्धति है. आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज भी किया जाता है. मंत्री ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासन की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है. आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से गांव-गांव में आमजनों तक सस्ता इलाज पहुंचाना एवं आने वाले समय में आयुर्वेदिक पद्धति को जन-जन तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के प्रारंभ होने से सभी को प्राथमिक उपचार, आवश्यक जांच एवं परामर्श की सुविधा मिलेगी. उन्होंने कहा कि देश के साथ-साथ दुनिया के लोग आयुर्वेद की ओर आकर्षित हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य में 8 आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जाएंगे, जिसमें एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय शाजापुर जिले के शुजालपुर में बनाया जाएगा, जिसमें 50 बिस्तरीय सर्वसुविधायुक्त वेल्नेस सेंटर एवं 50 बिस्तरीय अस्पताल भी बनाया जाएगा. स्वागत भाषण जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने दिया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, नगर पालिका शुजालपुर अध्यक्ष श्रीमती बबीता परमार, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, अशोक नायक, राजेन्द्र शास्त्री, विजय बैस, रामचन्द्र पाटोदिया, जेपी परमार, कैलाश सोनी आदि उपस्थित थे.

**लॉ कॉलेज की भी मिलेगी सौगात**

मंत्री ने कहा कि शुजालपुर को शिक्षा के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है. जिसमें सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर, जेएनएस महाविद्यालय के साथ-साथ आने वाले समय में शुजालपुर में लॉ कॉलेज भी बनकर तैयार होने वाला है. उन्होंने बताया कि आने वाले समय में आरजीपीवी का इंजीनियरिंग कॉलेज भी बनाने का प्रयास किया जा रहा है. साथ ही शाजापुर जिला मुख्यालय पर चिकित्सा महाविद्यालय भी स्वीकृत हुआ है. इसके साथ ही अत्याधुनिक प्रकार से सिविल अस्पताल शुजालपुर सिटी का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें नए स्वरूप में आमजनों को आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिलेंगी.

**एक नजर में** — नगर में सजने लगे शिवालय, शुरू हुई तैयारियां

# 15 को धूमधाम से मनाई जाएगी शिवरात्रि, होगा शिव-पार्वती विवाह

**शाजापुर, 6 फरवरी. नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके लिए शिवालयों में तैयारियां शुरू हो चुकी है. कहीं रंग रोंगन किया जा रहा है तो कहीं पर विद्युत सज्जा की जा रही है. नगर के अति प्राचीन श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा. जिसकी शुरूआत 10 फरवरी को श्री गणेश पूजन से होगी.**



मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि मंदिर में शिव पार्वती विवाह का कार्यक्रम विधि विधान ओर वैदिक रीति से संपन्न कराया जाता रहा है. इसी को लेकर इस वर्ष भी यह परंपरा निभाई जाएगी और विवाह उत्सव की शुरूआत 10 फरवरी को प्रात: 9 बजे श्री गणेश पूजन से होगी. इसके बाद इसी दिन महादेव का बाना, तेल व हल्दी लगाई जाएगी. 14 फरवरी को दोपहर 3 बजे छाया और शाम 5 बजे वर निकासी होगी. शुभ लग्न 15 फरवरी रविवार को गोधुली बेला में होंगे. मंदिर की उत्सव समिति, आरती मंडल, महिला मंडल और ओंकारेश्वर मंदिर पुजारी सुनील पुरी गोस्वामी ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शिव बारात में शामिल होने की अपील की है.



### कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**शाजापुर, 6 फरवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने शुक्रवार को शासकीय जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन 50 बिस्तरीय कन्या छात्रावास शुजालपुर का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्माणाधीन एजेंसी एमपी हाऊसिंग बोर्ड को निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने एवं कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए. इसके उपरांत कलेक्टर ने अकोदिया में निर्मित किए जाने वाले उप तहसील कार्यालय स्थल का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन एजेंसी पीआईयू के कार्यपालन अधिकारी को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने, विद्युत खंभों को अन्यत्र लगाने एवं निर्धारित मापदण्ड अनुसार निर्माण करने के निर्देश दिए.